भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1001

जिसका उत्तर शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025/14 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों का उत्पादन और वितरण

1001. डॉ. नामदेव किरसानः

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्त वर्ष 2019 से अब तक देश में वर्ष-वार कितनी मात्रा में उर्वरकों का उत्पादन किया गया है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान किसानों को कितनी मात्रा में उर्वरक वितरित किए गए हैं; और
(ग) वित्त वर्ष 2019 से अब तक किसानों को वर्ष-वार कुल कितनी उर्वरक राजसहायता दी गई है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): वित्तीय वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 (दिनांक 01.12.2025 तक) के दौरान यूरिया, डीएपी और एनपीके जैसे प्रमुख उर्वरकों का वर्षवार उत्पादन निम्नानुसार है:

प्रमुख उर्वरकों का वर्षवार उत्पादन (आंकड़े एलएमटी में)			
वर्ष	**यूरिया**	**डीएपी**	**एनपीकेएस**
2019-20	244.58	45.50	93.34
2020-21	246.05	37.74	100.54
2021-22	250.72	42.22	89.67
2022-23	284.94	43.47	100.4
2023-24	314.09	42.93	101.85
2024-25	306.67	37.69	121.05
2025-26 (01.12 2025 तक)	197.61	26.79	86.99

(ख): वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 (01.12.2025 तक) की अवधि के दौरान देश में वितरित/बेचे गए यूरिया, डीएपी, एनपीके और एमओपी जैसे उर्वरकों की मात्रा निम्नानुसार है:

प्रमुख उर्वरकों की वर्षवार बिक्री (आंकड़े एलएमटी में)				
वर्ष	**यूरिया**	**डीएपी**	**एनपीकेएस**	**एमओपी**
2019-20	336.96	101.01	105.01	27.80
2020-21	350.51	119.18	125.82	34.32
2021-22	341.73	92.64	121.37	23.93
2022-23	357.26	105.31	107.31	16.32
2023-24	357.81	109.73	116.80	16.45
2024-25	387.92	96.29	149.72	22.02
2025-26 (25 नवंबर तक)	254.11	76.03	109.68	15.48

(ग): किसानों को सब्सिडी पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 (01.12.2025 तक) के दौरान उर्वरक उत्पादक/आयातक कंपनियों को संवितरित व्यय का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:

किसानों को सब्सिडी पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए उर्वरक उत्पादक/आयातक कंपनियों को संवितरित की गई उर्वरक सब्सिडी (करोड़ रुपये में)	
वित्तीय वर्ष	**सकल योग**
2019-20	83467.85
2020-21	131229.50
2021-22	157640.09
2022-23	254798.93
2023-24	195420.51
2024-25	177129.50
2025-26 (01.12.2025 की स्थिति के अनुसार)	148606.68
सकल योग	1148293.06

*****